# 18 देशों में रोड शो के लिए अब शुरू होंगे मंत्रियों के विदेश दौरे

- जर्मनी के शहर फ्रैंकफर्ट में कल होगा पहला रोड शो
- विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना कनाडा के लिए रवाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : अगले वर्ष 10 से 12 फरवरी तक लखनऊ में आयोजित किए जाने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दृष्टिगत उप्र की ब्रांडिंग के लिए राज्य सरकार के मंत्री और शासन के अधिकारी प्रदेश में निवेश जुटाने 18 देशों में रोड शो करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंत्रियों और अफसरों की टीमें विदेश का दौरा करके वहां की सरकारों और बड़ी कंपनियों को उप्र में निवेश के लिए प्रोत्साहित करेंगी। उप्र की ब्रांडिंग के लिए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना बुधवार को कनाडा के लिए रवाना हो गए। ज्यादातर मंत्रियों के विदेश दौरे नौ दिसंबर से शुरू होंगे।

पहला रोड शो जर्मनी के शहर फ्रैंकफर्ट के होटल कैंपिंस्की में नौ दिसंबर को होगा। रोड शो में सम्मिलित होने वाले प्रतिनिधि मंडल की अध्यक्षता औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता व लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद करेंगे। इसमें अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगल, आबकारी आयुक्त सेंथिल पांडियन सी, सचिव, एमएसएमई प्रांजल यादव उपस्थित रहेंगे। दूसरा रोड शो बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स के होटल डबल ट्री बाई हिल्टन में 12 दिसंबर को होगा। इसमें भी प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता औद्योगिक विकास मंत्री और लोनिवि मंत्री करेंगे। यह प्रतिनिधिमंडल स्वीडन की राजधानी स्टाकहोम पहुंचेगा जहां 14 दिसंबर को होटल शेरेटन में रोड शो व ट्रेड शो होगा। 16 दिसंबर को ही दूसरा प्रतिनिधिमंडल नीदरलैंड्स के शहर हेग में रोड शो करेगा। इसकी अगुआई केशव प्रसाद मौर्य व आइटी एवं इलेक्ट्रानिक्स मंत्री योगेंद्र उपाध्याय करेंगे। इस प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण, प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू, प्रबंध निदेशक पिकप पीयूष वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव शशांक त्रिपाठी और वित्त नियंत्रक इन्वेस्ट यूपी विश्वजीत राय उपस्थित रहेंगे। फ्रांस की राजधानी पेरिस में रोड शो के साथ इन आयोजनों का समापन होगा। पेरिस के इंटरकान्टिनेंटल ग्रांड में 19 दिसंबर को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और आइटी मंत्री की अध्यक्षता में उप्र की टीम विभिन्न कंपनियों और सरकार के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी करेंगी।